# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक 15 जुलाई, 2025** **थाना खुर्जा नगर**

## हत्या का प्रयास करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, मोटरसाइकिल बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 13.07.2025 को वादी विनोद कुमार पुत्र सुन्दर सिंह निवासी ग्राम ढाकर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना खुर्जा नगर पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 12.07.2025 की शाम को उसके चचेरा भाई मलखान जिम करके वापस घर जा रहा था रास्ते में अभियुक्तगण द्वारा मलखान को जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर कर दिया जिससे गोली उसकी जाघ में लगी । इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 638/25 धारा 191(2),191(3),109(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के क्रम में थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा दिनांक 14/15.07.2025 की रात्रि में एक अभिसूचना के आधार पर अभियुक्त 1.खुशदिल 2.दुष्यन्त कुमार 3.लवी को अवैध असलहा,घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-**

1. खुशदिल पुत्र तेजवीर सिंह शर्मा निवासी कसेरु थाना चण्डौस जनपद अलीगढ ।
2. दुष्यन्त कुमार पुत्र तेजवीर सिंह शर्मा निवासी उपरोक्त ।
3. लवी पुत्र भुवनेश कुमार शर्मा निवासी पहासु अड्डा मुरारी नगर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर>

**बरामदगी-**

1. 01 मोटरसाइकिल स्पलेन्डर HR-16K-8979 (घटना में प्रयुक्त)
2. 01 तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा कारतूस (घटना में प्रयुक्त)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री राजपाल सिंह तोमर थाना प्रभारी खुर्जा नगर
2. उ0नि0 अजीत सिंह,उ0नि0 प्रशान्त कुमार
3. है0का0 अशोक कुमार,है0का0 इनाम सैफी,है0का0 प्रवीण मलिक,है0का0 सितम सिंह
4. का0 श्यामू सिंह,का0 देवेन्द्र कुमार



**मीडिया सेल बुलंदशहर**